हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

24 नवम्बर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार:-

1. आज पवित्र ग्रंथ गीता के महा पूजन तथा गीता के श्लोकों के उच्चारण के बीच कुरुक्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के प्रमुख कार्यक्रमों का आगाज हुआ।

2. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गीता का संदेश भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है। बल्कि पूरे विश्व को इसने प्रभावित किया है।

3. नयायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के 53वें नयायमूर्ति के रूप में शपथ ली।

4. केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने पलवल में एकता मार्च की अगुवाई की। - काँग्रेस के लोकतंत्र में विरोध करने के तरीके को गरीम के विरुद्ध बताया।

5. रेल्वे यूनियन ने केंद्र सरकार द्वारा नई श्रम संहिताओं को लागू किए जाने का स्वागत किया।

6. प्रसिद्ध अभिनेता एवं पूर्व सांसद धर्मेन्द्र की पार्थिव देह पाँच तत्व में विलीन हुई। - जानी-मानी हस्तियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

****

आज पवित्र ग्रंथ गीता के महापूजन तथा गीता के श्लोकों के उच्चारण के बीच कुरुक्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों का आगाज हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कल कुरुक्षेत्र आएंगे।वे गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान, श्री मोदी विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। श्री मोदी गीता जयंती समारोह में भी भाग लेंगे।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गीता का संदेश केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे विश्व का ग्रंथ है। गीता ने हम सभी के जीवन को प्रभावित किया है। गीता के प्रचार-प्रसार में हरियाणा सरकार पूरा सहयोग कर रही है।

श्री राजनाथ सिंह आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, विदेश मंत्रालय और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद्भगवद्गीतोक्त स्वधर्मः कर्तव्यनिष्ठा, शांति, सद्भावना एवं स्वदेशी की प्रेरणा विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि किसी को भारत की आत्मा को समझना है तो उसे कुरुक्षेत्र की धूल में ढूंढना होगा।

उन्होंने कह कि गीता का संदेश लोगों को संबल देता है। निराशा में भी आशा का संचार होता है।

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री ने जर्नल ऑफ हरियाणा स्टडीज़ के विशेषांक तथा सम्मेलन स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इससे पहले कुरुक्षेत्र पहुँचने पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणा पवेलियन, मध्यप्रदेश पवेलियन और हरियाणा सरकार की उपलब्धियों को दर्शाती हाईटेक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।

इस दौरान स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, हरियाणा सरकार के परिवहन मंत्री अनिल विज, सामाजिक एवं न्याय मंत्री कृष्ण बेदी, सांसद नवीन जिंदल व अन्य विशिष्ट जन उनके साथ रहे।

****

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुबह राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का स्थान लिया है।

शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा सहित केंद्रीय मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।1962 में हरियाणा के हिसार में जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत संवैधानिक, सेवा और दीवानी मामलों के विशेषज्ञ हैं।

****

हिसार में बार एसोसिएशन द्वारा न्यायमूर्ति सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोह पर अदालत परिसर में एक विशेष कार्यक्रम और रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 1984 में हिसार जिला न्यायालय में वकालत शुरू की थी। उन्होंने कई विश्वविद्यालयों, बोर्डों, निगमों, बैंकों और उच्च न्यायालय का भी प्रतिनिधित्व किया है।

****

आज पलवल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित एकता मार्च निकाला गया। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने एकता मार्च की अगुवाई की। खेल मंत्री गौरव गौतम,होडल से विधायक हरेंद्र कुमार व अन्य नेता उनके साथ मौजूद रहे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के पोस्टरों पर कालिख पोतना गलत है। लोकतंत्र में विरोध करने का एक तरीका और गरिमा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपना मानसिक संतुलन खो बैठा है।

****

रेलवे यूनियन ने केंद्र सरकार द्वारा श्रम संहिताओं को लागू किए जाने का स्वागत किया है। स्थाई वार्ता तंत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र पांचाल ने आज जींद में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा इन का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि इन सभी अच्छे निर्णयों के दूरगामी परिणाम होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इन में सभी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि भारत की श्रम संहिताएं मजबूत और अधिक समावेशी सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों के वैश्विक प्रयासों को गति प्रदान करने वाली हैं।

****

प्रसिद्ध अभिनेता एंव पूर्व सांसद धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार आज शाम मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर उनकी पत्नी हेमा मालिनी, बेटी ईशा और बेटे सनी तथा बॉबी देओल सहित परिवार के करीबी सदस्यों की उपस्थिति में किया गया।

लंबी बीमारी के बाद, 89 वर्षीय धर्मेंद्र ने आज सुबह अपने आवास पर अंतिम सांस ली। अमिताभ बच्चन, सलीम खान, सलमान खान, संजय दत्त, अक्षय कुमार, अनिल कपूर, सिद्धार्थ रॉय कपूर, शबाना आज़मी, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और आमिर खान सहित कई जानी-मानी हस्तियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

धर्मेन्द्र ने शोले, धरमवीर, फूल और पत्थर सहित कई हिट फिल्मों में काम किया। फिल्म जगत और लोगों द्वारा उनकी अदाकारी को सराहा गया-

****